तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री से.
न्यूनतम 17.6 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

12 जग्गी सिटी सेंटर के मामले में बिजली विभाग की .



12 आर्य समाज प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग ...



खबर संक्षेप

जंगल से तीन खैर के पेड़ काटे, चार पर केस

यमुनानगर। गांव देवधर के जंगल से खैर के तीन पेड़ चोरी से काटने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन दरोगा विकास नेहरा की शिकायत पर प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की। वन दरोगा के अनुसार, 14 अक्टूबर को सूचना मिलने पर टीम ने जंगल में जांच की तो तीन पेड़ कटे मिले। इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। मामले में शाहिद, रवि कुमार, मयूर और जुल्फान उर्फ मीठा को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

घर से 10 तोले सोना व 30 तोले चांदी के आभूषण चोरी

यमुनानगर। गांव कलावड में चोरों ने घर में घुसकर करीब 12.50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 10 तोले सोने और 30 तोले चांदी के आभूषण ले गए। करण सिंह ने छप्पर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अक्टूबर की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह सो गए थे। सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। जांच करने पर आभूषण गायब मिले। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानीपतः खुले नाले में गिरा बच्चा

पानीपत। पानीपत नगर निगम के वार्ड तीन में देवी मंदिर के पास एक बार फिर से खुले नाले में एक बच्चा गिर गया, वहीं, राहगिरों ने बच्चे को तत्काल नाले से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। यह हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसकी वीडियो अब वायरल हो रही है।

वाहन स्टैंड ठेकेदार पर एक लाख का जुर्माना

पानीपत। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य परिवहन पानीपत के महाप्रबंधक द्वारा बस स्टैंड परिसर स्थित साइकिल/वाहन स्टैंड ठेकेदार पर मनमाने रेट वसूलने और ओवरचार्जिंग करने के गंभीर मामले में एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और ठेका रद्द करने व धरोहर राशि जब्त करने का नोटिस दिया गया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव प्रमोद कुमार एवं जिला सचिव सीए जगदीश धमीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार राजबीर सिंह द्वारा यात्रियों से निर्धारित दरों का उल्लंघन कर मनमाना किराया वसूला जा रहा था।

कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस टीम को धमकाया

पानीपत। पानीपत की रामनगर कॉलोनी में बैंक को मकान का कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम और पुलिस कर्मचारियों को धमकाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम को बगैर कार्रवाई के बैरंग लौटना पड़ा। इसका आरोप मकान मालिक प्रदीप सिंह पर लगा है। वहीं, ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे तहसीलदार मनोज कुमार की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने आरोपी मकान मालिक प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

कुविः मई-जून परीक्षाओं के फॉर्म भरने शुरू

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मई-जून 2027 में होने वाली यूजी/पीजी वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्राइवेट एवं दूरस्थ विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया 15 अक्टूबर 2026 से शुरू हो गई है। विद्यार्थी आईयूएमएस पोर्टल के माध्यम से 15 जनवरी 2027 तक सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म जमा कर सकेंगे।

बुजुर्ग की पेंशन छीनने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने गांव में घुमाए

वारदात में इस्तेमाल गाड़ी, नकदी और पेंशन कॉपी बरामद

- डाकघर से पेंशन निकलवा कर लौट रही महिला से छीनी थी नकदी, ग्रामीणों ने मौके पर पकड़े थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव बिहटा में 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से पेंशन के 3,200 रुपये और डाकघर की पेंशन कॉपी छीनने के मामले में साहा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चारों आरोपियों को गाड़ी में गांव तक लेकर पहुंची। इसके बाद उन्हें गांव में पैदल घुमाया गया। इस दौरान कुछ आरोपी लंगड़ाते हुए और चेहरे छिपाते नजर आए, जबकि एक आरोपी हाथ जोड़कर रोता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी, पेंशन कॉपी और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी बरामद की है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को वह अपनी 82 वर्षीय मां गद्दी देवी के साथ डाकघर में पेंशन निकलवाने गया था। उसकी मां को आंखों से ठीक से दिखाई नहीं देता। डाकघर से 3,200 रुपये निकलवाने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ युवकों ने उसकी मां के हाथ से नकदी और पेंशन कॉपी छीन ली और फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ लिया। शिकायत के आधार पर साहा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ लड्डू, रजत उर्फ काका, राहुल और विशाल उर्फ चीपा के रूप में हुई है। चारों बिहटा गांव के निवासी हैं। मामले की जांच एएसआई रोहित कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी, 3,200 रुपये और पेंशन कॉपी बरामद कर ली है।



अंबाला। पकड़े गए आरोपियों को गांव में घुमाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

पुलिस जब चारों आरोपियों को गांव लेकर पहुंची तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। वीडियो में कुछ आरोपी लंगड़ाते हुए और चेहरे छिपाते नजर आए, जबकि एक आरोपी हाथ जोड़कर रोता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में नशे के कारण युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दूसरे युवाओं को भी सबक मिले। बुजुर्ग महिला ने भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नशे के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

साहा थाना पुलिस के अनुसार, एक अन्य मामले में करीब 900 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी बाकी है।



धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया। जांच अधिकारी सोनू कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता सतपाल सिंह ने 14 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 26 सितंबर 2026 को आरोपी गुरप्रीत, निशान, विजय तथा अन्य ने उसके पुत्र को लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ सेबी, निशान सिंह उर्फ नानू, विजय कुमार को काबू किया है।

कुवि के प्रो. जितेंद्र भारद्वाज विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल

जैव चिकित्सा अनुसंधान एवं विष विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक रैंक 587 हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के प्रोफेसर जितेंद्र कुमार भारद्वाज का नाम स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर से संबद्ध वर्ष 2026 की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। जैव चिकित्सा अनुसंधान एवं विष विज्ञान के क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गौरवान्वित है। प्रो. भारद्वाज ने जैव चिकित्सा एवं विष विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक रैंक 587 प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनके शोध कार्यों, वैज्ञानिक योगदान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके शोध की पहचान को दशार्ती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. जितेंद्र कुमार भारद्वाज को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त ऐसी पहचान विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता को सुदृढ़ करती है। उन्होंने प्रो. भारद्वाज के शोध के प्रति समर्पण और वैज्ञानिक योगदान की सराहना की। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने भी उन्हें बधाई दी। अनुसंधान एवं विकास के अधिष्ठाता तथा प्राणी शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेंद्र शर्मा ने प्रो. भारद्वाज को बधाई देते हुए उनके निरंतर शोध प्रयासों की सराहना की। वैज्ञानिक अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए नवीन विचारों, सुदृढ़ वैज्ञानिक पद्धतियों और गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशनों का विशेष महत्त्व है। प्रो. भारद्वाज की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोध समुदाय के लिए प्रेरणादायक है तथा युवा वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।



स्टैनफोर्ड विवि और एल्सेवियर की 2026 की सूची में मिली जगह

सड़क हादसों में दो लोगों की जान गई

यमुनानगर। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 50 वर्षीय पिता लाल बहादुर 13 अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे साइकिल पर काम से घर लौट रहे थे। समता योग आश्रम के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, लक्ष्मी गार्डन आईटीआई निवासी त्रिलोचन सिंह ने बताया कि उसका 45 वर्षीय भाई धर्मेंद्र सिंह 13 अक्टूबर को बाइक पर जा रहा था। जठलाना के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

कहासुनी के बाद युवकों ने की मारपीट युवक घायल

यमुनानगर। जगाधरी की अर्जुन नगर कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने विशाल उर्फ कालू के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। विशाल ने हुड्डा सेक्टर-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसका प्रवीण उर्फ मॉडल के साथ झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में 13 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे प्रवीण ने गौतम उर्फ बोतल, सोनू और तीन अन्य युवकों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

राजकीय कन्या स्कूल की कक्षा में निकला छह फीट लंबा कोबरा



कुरुक्षेत्र। प्रतापगढ़ स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एक कक्षा में करीब छह फीट लंबा कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सुबह जब शिक्षकों ने कक्षा के कमरे का ताला खोला तो अंदर सांप देखकर वे घबरा गए। इसकी सूचना मिलने पर स्नेकमैन गुलशन मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। सांप पकड़े जाने के बाद शिक्षकों और छात्राओं ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, सुबह स्कूल में कक्षाओं का संचालन शुरू होने से पहले शिक्षकों ने एक कमरे का ताला खोला। इसी दौरान उनकी नजर कमरे में मौजूद कोबरा पर पड़ी। सांप को देखकर शिक्षक भयभीत हो गए। स्कूल परिसर में कोबरा निकलने की सूचना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद स्नेकमैन गुलशन को मौके पर बुलाया गया। स्नेकमैन गुलशन ने सावधानीपूर्वक कोबरा को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे तक चली मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को काबू कर लिया। कोबरा के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद स्कूल स्टाफ और छात्राओं ने राहत महसूस की। स्नेकमैन गुलशन के अनुसार, रेस्क्यू किए गए कोबरा को आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। घटना के बाद स्कूल में मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

- स्नेकमैन गुलशन ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू किया

दो हत्याकांडों में मुख्य आरोपी काबू पांच अन्य मामलों का भी खुलासा



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल के मार्गदर्शन में सीआईए-2 की टीम ने हत्या के दो अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों गौरव उर्फ गोरु और अंकुश सैनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी एक ही गिरोह से जुड़े हैं और लूटपाट के इरादे से दो युवकों की हत्या की गई थी। 11 अक्टूबर को बड़ौता क्षेत्र में बिर्चपुर निवासी विनोद कुमार का शव मिला था। उसके शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लूट के इरादे से विनोद की हत्या कर नकदी और मोबाइल फोन छीन लिया था। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार की टीम ने गौरव उर्फ गोरु को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर तीन नाबालिग साथियों को भी काबू किया गया। वारदात में प्रयुक्त बाइक, मृतक की चप्पल, 4,800 रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। गौरव को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दूसरे मामले में 4 अक्टूबर को हकीकत नगर में कल्पना चावला द्वार के पास मंगलू का शव मिला था। पुलिस ने महाबीर कॉलोनी निवासी अंकुश सैनी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के मुताबिक, विनोद हत्याकांड के आरोपियों ने थाना सदर, मधुबन और रामनगर क्षेत्रों में रात के समय चाकू मारने का भय दिखाकर लूटपाट की करीब पांच अन्य वारदातों में भी संलिप्तता कबूली है।

पूंडरी रूट के टाइम टेबल पर रोडवेज और निजी बस संचालकों में विवाद



हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के नए बस अड्डे पर गुरुवार शाम पूंडरी रूट के टाइम टेबल को लेकर रोडवेज कर्मचारियों और निजी बस संचालकों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की की स्थिति बनी और धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया। बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर बसें खड़ी होने से आवागमन बाधित हुआ। रोडवेज की बसें बाहर नहीं निकल सकीं और बाहर से आने वाली बसें भी अंदर नहीं आ पाईं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर रोडवेज अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। रोडवेज कर्मचारी रणजीत करोड़ा ने कहा कि तीन दिन पहले कैथल आरटीओ की बैठक में आपसी सहमति से प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन जारी टाइम टेबल उसके अनुसार नहीं था। वहीं, निजी बस संचालक शमशेर सिंह नंबरदार ने बताया कि पांच अक्टूबर को नया टाइम टेबल जारी हुआ था, जिस पर नौ अक्टूबर को आपत्ति दी गई थी। नए टाइम टेबल के अनुसार निजी बसें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आरटीओ टाइम टेबल वापस लेता है तो वे पुराने समय के अनुसार बसें चलाने को तैयार हैं। इससे पहले मंगलवार को भी इस मुद्दे पर विवाद हुआ था, लेकिन सहमति नहीं बन पाई।

अंबाला: एसएचओ पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। नग्गल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पर हमला करने के मामले में सीआईए-1 ने दो आरोपियों निखिल और लक्की पंडित को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को निशानदेही के लिए वारदात स्थल पर लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों आरोपी घायल नजर आए। एक आरोपी के पैर पर ऊपर तक प्लास्टर बंधा था और वह पुलिसकर्मियों के कंधों के सहारे चलता दिखाई दिया। पूछताछ के बाद पुलिस दोनों को वापस थाने ले गई। घटना 2 अक्टूबर की रात अंबाला-हिसार रोड स्थित मिस्टर सिंह हवेली के पास हुई थी। एसएचओ सुरेश कुमार अपनी कार से गुजर रहे थे। वहां कुछ युवक कपिल के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि युवकों ने कपिल पर ईंटों से हमला किया, जिससे उसका बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। उसे बचाने पहुंचे एसएचओ पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। उनकी गर्दन पर चाकू से वार किया गया, जिसके बाद उपचार के लिए उन्हें चंडीगढ़ रेफर किया गया था। घटना का पांच मिनट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें युवक मारपीट करते और एसएचओ पर हमला करते दिखाई दिए थे।

डेविड व मारिया ने मंडी, धान की कटाई, आवक व गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को समझा

कम कीटनाशक वाली खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना

इंग्लैंड के लोग चखेंगे रादौर की तुड़ल धान के चावल का स्वाद

किसानों को मिलता है 100 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

इंग्लैंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने डैविड व मारिया के नेतृत्व में रादौर की अनाज मंडी में पहुंचकर तुड़ल धान की खरीद करने के लिए उसकी गुणवत्ता की जांच की। मौके पर अनाज मंडी के आढ़तियों ने डैविड व मारिया समेत प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के साथ सोनीपत स्थित चावल निर्यातक कंपनी वीटी फाइन फुडस प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने भी मंडी में तुडल धान की खरीद में अपना योगदान दिया।

इंग्लैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे डैविड व मारिया ने अनाज मंडी में धान की आवक, बैगिंग, गुणवत्ता निरीक्षण व मिल तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही कम कीटनाशक एवं उर्वरक वाली खेती की प्रक्रियाओं को समझा और सुरक्षित खाद्यान्न उत्पादन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान चावल निर्यातक कंपनी वीटी फाइन फुडस प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर अनिल छिकारा ने बताया कि उनकी कंपनी पिछले लगभग 25-26 वर्षों से चावल के कारोबार और निर्यात के क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी का उद्देश्य किसानों को कम कीटनाशक उपयोग वाली, निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप खेती के लिए प्रोत्साहित करना और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक बेहतर गुणवत्ता वाला चावल पहुंचाना है।



यमुनानगर। रादौर अनाज मंडी में इंग्लैंड के मेहमानों का स्वागत करते मंडी के प्रधान सुभाष कांबोज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

निर्यात योग्य चावल के लिए कीटनाशक अवशेषों की जांच जरूरी

कंपनी किसानों से धान की खरीद में बेहतर मूल्य देने के साथ साथ निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत सौ रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस भी प्रदान करती है। ताकि किसान सुरक्षित एवं जिम्मेदार कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय को बेहतर बनाने के साथ साथ खाद्यान्न की गुणवत्ता और निर्यात मानकों को बनाए रखना है। आज के समय में खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण विषय बन चुके हैं। कृषि में कीटनाशकों का अनुचित या निर्धारित सीमा से अधिक इस्तेमाल खाद्य पदार्थों में अवशेष छोड़ सकता है। जो स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। इसलिए कीटनाशकों का उचित उपयोग, निर्धारित प्रतीक्षा अवधि का पालन और खाद्यान्न में अवशेषों की जांच अत्यंत आवश्यक है। यूके, यूरोप और अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आयात किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के लिए कीटनाशक अवशेषों की निर्धारित अधिकतम सीमाएं लागू हैं।

डॉक्टर के घर नौकरानी आने के एक घंटे बाद गहने गायब

- चार चेन, पांच जोड़ी बालियां 22 टोकन और पांच अंगूठियां गायब, महिला पर चोरी का शक
- सेक्टर-13 में सामने आया मामला, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध महिला की पहचान में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के सेक्टर-13 में एक डॉक्टर के घर नई नौकरानी रखने के करीब एक घंटे बाद ही सोने के गहने गायब होने का मामला सामने आया है। घर से चार सोने की चेन, पांच जोड़ी बालियां, 22 टोकन और पांच अंगूठियां गायब मिलीं। डॉक्टर ने घर में काम करने आई महिला पर संदेह जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-13 निवासी डॉ. कमल किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही अपने घर पर नई महिला को काम पर रखा था। महिला घर आई और करीब एक घंटे बाद वहां से चली गई। इसके बाद घर में रखे सोने के गहने गायब मिले। गहनों की जांच करने पर पता चला कि चार सोने की चेन, पांच जोड़ी बालियां, 22 टोकन और पांच अंगूठियां नहीं हैं। डॉक्टर ने गहनों की सूची पुलिस को सौंपते हुए महिला पर चोरी का शक जताया।

सीसीटीवी फुटेज से महिला की पहचान का प्रयास

डॉ. कमल किशोर की शिकायत पर सेक्टर-13 पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया है। जांच एएसआई बलजीत को सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध महिला की पहचान की जा सके। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

भंडारे में हजारों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण



रादौर। गांव कंड्रौली में समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी धर्मपाल ढांडा की पुण्यतिथि के अवसर पर धर्म ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेश ढांडा के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें धर्म ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेश ढांडा व गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए सुख स्मृद्धि की कामना की गई । धर्म ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेश कुमार ढांडा ने कहा के समाजसेवी स्वर्गीय धर्मपाल ढांडा ने अपने सम्पूर्ण जीवन में ग्रामीण समाज के उत्थान, शिक्षा व मानवता के उच्च मूल्यों को सर्वोपरि स्थान दिया। उनकी शिक्षाएं केवल स्मरण तक सीमित न रहें। बल्कि समाज सेवा के माध्यम से निरन्तर जीवित रहें। उन्होंने कहा कि महान पुरुषों, समाजसेवियों, पितृ स्मृति का वास्तविक सम्मान तभी होता है। जब उनके आदर्शों को समाज के व्यापक हित में मूर्त किया जाए। इस अवसर पर साढ़ौरा से विधायक प्रतिनिधि ऋषिपाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरपाल गुर्जर, जिला महामंत्री मोहन गुर्जर, राजिंद्र बाल्मिकि, करणबीर, अशोक कुमार, राजिंद्र कुमार, अमर कुमार, संदीप, सन्नी, दीपक, सुमित, दिशांत, अरनव, वानिका, वामिका, अविशा, सुखदैव, बलदेव बालियान, सुभाष खुब्बड़, जिम्मी व कुलदीप आदि मौजूद रहे।

खेतों में पहले से बिछी धान की फसल को भी नुकसान होने की बनी संभावना

बारिश होने से मौसम में बढ़ी ठंडक मंडियों में भीगा हजारों टन धान

मौसम विभाग द्वारा अलर्ट करने के बावजूद अनाज मंडियों में नहीं किए गए इंतजाम, अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी धान बारिश में भीग गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। अनाज मंडियों में बारिश में भीगते हुए धान के कट्टे।



यमुनानगर। खेतों में पहले से बिछी हुई धान की फसल। फोटो : हरिभूमि

जिले में पिछले पांच दिन के भीतर वीरवार को दूसरी बार बारिश होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। वहीं, अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे बोरियों में भरा पड़ा हजारों टन धान भीग गया। इसके अलावा खेतों में पहले से बिछी धान में नुक्सान होने की संभावना बन गई। किसानों की मानें तो यदि बारिश आगे भी जारी रही तो खेतों में पहले से बिछी धान की फसल में भारी नुक्सान होने की संभावना है। खास बात यह है कि मौसम विभाग द्वारा पहले ही अलर्ट जारी करने के बावजूद अनाज मंडियों में बारिश से भीगने से धान को बचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए। वीरवार सुबह पांच बजे के करीब आसमान में घने बादल छा गए और हवा के साथ तेज बारिश शुरु हो गई और यह रुक रुक कर दोपहर तक होती रही। इस दौरान कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होने से खेतों में पहले से नीचे बिछी धान की फसल को काफी नुक्सान पहुंचा। वहीं, जिले की अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी धान बारिश में भीग गई। हालांकि इस दौरान कुछ आढ़तियों व किसानों ने अपनी धान की ढेरियों पर तिरपाल व पन्नी आदि डालकर बचाने का प्रयास किया। मगर अधिकांश ढेरियों पर ढ़कने के लिए तिरपाल आदि नहीं मिली। जिससे अनाज मंडी प्रशासन के इंतजामों की पोल खुलती नजर आई। किसान प्रदीप कुमार, पवन कुमार साहिल, तरसेम, सुधीर, मनोज व सुखबीर सिंह आदि ने बताया कि यदि बारिश एक दो दिन जारी रही तो उनकी खेतों में पकी खड़ी व नीचे बिछी धान को भारी नुक्सान होने की संभावना है।

बारिश में शहीद मदनलाल ढींगरा चौक के पास टूटा बिजली का खंभा

रादौर। रादौर के शहीद मदनलाल ढींगरा चौक के पास वीरवार की सुबह बारिश के चलते अचानक बिजली का खंभा टूटकर नीचे गिर पड़ा। सौभाग्य से जब बिजली का खंभा गिरा तो बरसात के कारण आसपास कोई नहीं था। अन्यथा कोई भी व्यक्ति खंभे की चपेट में आकर बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता था। पास खड़ी कार भी खंभे की चपेट में आने से बच गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर खंभे को उठाकर बिजली निगम के कार्यालय में पहुंचाया। समाजसेवी सुरेंद्र सिंह सोढी, गुरुद्वारा सिंहसभा के प्रधान सतनाम सिंह, वासुदेव मलिक, विजय टंडन, पवन कुमार व नायब सिंह आदि ने बताया कि शहीद मदनलाल ढींगरा चौक के पास बिजली निगम की ओर से एक बिजली का खंभा लगाया गया था। जो नीचे से टूटा हुआ था। जिसके बारे में स्थानीय लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों से शिकायत की थी। स्थानीय लोगों ने खंभा टूटा होने के कारण खंभे पर तारे नहीं लगने दी थी। वीरवार को सुबह लगभग 9 बजे बरसात के दौरान कुछ बंदर खंभे पर आकर बैठे तो खंभा टूटकर अचानक नीचे गिर पड़ा। सौभाग्य से उस समय आसपास कोई नहीं था। स्थानीय लोगों ने बताया कि 10 मिनट पहले खंभे के पास स्कूली बच्चे खड़े हुए थे। लोगों ने बताया कि कई महीनो से शास्त्री कॉलोनी के लोग इस टूटे हुए खंभे को बदलने की मांग कर रहे थे। लेकिन बिजली निगम की ओर से इसे बदला नहीं गया। बिजली निगम की लापरवाही स्थानीय लोगों पर भारी पड़ सकती थी।



आयोग ने फार्म 7 के आवेदनों की संख्या की निर्धारित : डीसी

■ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुननगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों में नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराने अथवा नाम हटाने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले फोर्म 7 आवेदनों की संख्या निर्धारित की गई है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा बिना ठोस आधार के बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराने की प्रवृत्ति को रोकने तथा मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने उक्त जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसारए दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान एक मतदाता अधिकतम 10, फोर्म 7 आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतन की अवधि के दौरान एक मतदाता द्वारा प्रति माह अधिकतम 5, फोर्म 7 आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ये सीमाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदनों पर लागू होंगी। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि पंजीकरण निर्वाचक नियम, 1960 के नियम 13 (2) के अनुसार फार्म 7 आवेदन केवल वही व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है। जिसका नाम संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज हो। आवेदन में सभी आवश्यक विवरण भरना तथा आपत्तिकर्ता द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। हस्ताक्षर की मुहर को मूल हस्ताक्षर का विकल्प नहीं माना जाएगा।

मतदाता सूची में उपलब्ध विवरणों का करें सत्यापन



जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि आयोग ने निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए हैं कि वे फोर्म 7 आवेदनों की जांच करते समय आवेदक की वास्तविकता एवं मतदाता सूची में उपलब्ध विवरणों का सत्यापन सुनिश्चित करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पांच से अधिक मामलों में आपत्ति दर्ज कराई जाती है तो संबंधित प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार जहां आवश्यक हो निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे तथा प्रत्येक फोर्म 7 आवेदन के संबंध में आपत्ति की वैधता की जांच करेंगे। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने कहा कि आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई शिकायत झूठी या मनगढ़त पाई जाती है और आवेदक ने जानबूझकर फोर्म 7 में गलत बयान या घोषणा की है। तो उसके विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1950 की धारा 31 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इन निर्देशों की जानकारी संबंधित ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य क्षेत्रीय अधिकारियों तक पहुंचाने तथा इनका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विकसित भारत के लिए युवा अहम : कंवरपाल

■ संगीत व शॉर्ट फिल्मों से बताए नशे के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनागर। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि कंवरपाल।

एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन द्वारा जगाधरी बस स्टैंड चौंक के पास नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि युवाओं को नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना आवश्यक है। नशे से दूर रहकर युवा शिक्षा, खेल, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में बेहतर योगदान दे सकते हैं। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। युवाओं को नशे से बचाकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना समय की जरूरत है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने युवाओं से अपील की कि वे नशे को जीवन में कभी जगह न दें और अपने साथियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। समाज के प्रत्येक वर्ग को नशा मुक्ति के प्रयासों में भागीदारी निभानी चाहिएए ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

श्रीराम की शक्ति से जीवन का उद्धार संभव : उमा सुधा

कुरुक्षेत्र। उदयन शालिनी कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. राम निवास और दीपक चिब के सहयोग से डिवाइन सिटी कॉम्प्लेक्स में हनुमान अंश फिल्म शो का आयोजन किया गया। इसमें शालिनियों, उदयन घर के बच्चों और आईटी सेंटर के विद्यार्थियों सहित 85 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, लक्ष्मी अरोड़ा, समीना चिब और सीडब्ल्यूसी सदस्य मंजुला गोयल भी शालिनियों के साथ फिल्म देखने पहुंचीं। उमा सुधा ने कहा कि श्रीराम की शक्ति और आदर्शों से ही जीवन को सही दिशा मिलती है।

लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का हैं निगम का प्रयास: मेयर

■ रायपुर कॉलोनी में 54.78 लाख से बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। सड़क का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर के वार्ड नंबर 12 की रायपुर कॉलोनी में 54.78 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण इस्लाम की दुकान से लेकर श्मशान घाट तक किया जाएगा। वीरवार को मेयर सुमन बहमनी और भाजपा नेता नेपाल राणा ने इस विकास कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने मौके पर नारियल फोड़कर सड़क के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और श्मशान घाट तक पहुंचने का रास्ता भी बेहतर होगा। मेयर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता पर करवाया जा रहा है। मौके पर वार्ड पार्षद तिलक राज, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, मंडल अध्यक्ष आदेश राणा व राशिद आदि मौजूद रहे।

एडीसी नवीन ने छछरौली के बालकुंज व शेल्टर होम का किया औचक निरीक्षण, लिया जायजा

यमुनानगर। बच्चों का संरक्षण और सर्वांगिण विकास बेहद जरुरी है। हमें बच्चों का संरक्षण और उनके सर्वांगिण विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। उक्त शब्द अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने छछरौली के बालकुंज व ओपन शेल्टर होम का औचक निरीक्षण करते हुए कहे। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बालकुंज और ओपन शेल्टर होम का औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों के संरक्षण, पोषण, शिक्षा और बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की पौष्टिकता, रसोई की स्वच्छता और बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच मेडिकल चेकअप के रिकॉर्ड की जांच की गई। बच्चों की स्कूल की पढ़ाई, पुस्तकालय की स्थिति और कंप्यूटर व पठन पाठन सामग्री की उपलब्धता का जायजा लेकर उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के माता पिता या परिवारों की जानकारी मिल जाती है उन्हें किशोर न्याय नियमों के तहत सुरक्षित तरीके से उनके घर भेजने या प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि संस्थानों में आश्रित बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों का संरक्षण और उनका सर्वांगीण विकास सरकार और प्रशासन की मुख्य प्राथमिकता है।



जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियां शुरू

करनाल। जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के तहत वीरवार को जाट भवन के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। असिस्टेंट डायरेक्टर एवं डिविजनल इंचार्ज कविता पंचाल ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। नागरिक 10 से 24 जनवरी, 2027 तक स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रगणक गणना करेंगे। ऑनलाइन दर्ज जानकारी का भी घर जाकर सत्यापन किया जाएगा, जबकि पर्यवेक्षक 20 प्रतिशत रिकॉर्ड की जांच करेंगे।

विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाना है प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य: डॉ. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेते हुए कंपनी के अधिकारी।

रादौर केजेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में वीरवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से क्लाउड एनालॉजी सीआरएम स्पेशलिस्ट लिमिटेड नोएडा द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विभागों के 140 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। कंपनी के एग्जीक्यूटिव टैलेंट एक्विजिशन अधिकारी फाल्गुनी वर्मा के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों की टीम ने सबसे पहले विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना है।



बिना हाथ धोए खाना खाने से फूड प्वॉइजनिंग गले में संक्रमण की हो सकती है समस्याएं : डॉ. सैनी

रादौर। अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से वीरवार को रादौर में ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं रोटेरियन डॉ. एससी सैनी ने अध्यक्षता की। रोटेरियन डॉ. एससी सैनी ने कहा कि 30 से 40 सैकेंड हाथ धोएं। बिना हाथ धोए खाना खाने से आपको फूड प्वॉइजनिंग, गले में संक्रमण, पेट दर्द, उल्टी आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए घर के सभी सदस्यों को हाथ धोने के महत्व को समझते हुए हाथ धोने की प्रक्रिया या स्टेप्स को जरूर फालो करना चाहिए। बच्चों को सबसे जरूरी है कि उन्हें हैंड वॉशिंग के महत्व को पेरेंट्स या घर के बाकी सदस्य बताएं। उन्हें हाथ धोने का सही तरीका सिखाएं। हैंड सैनिटाइजर से बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है।

श्रीरामलीला में शूर्पणखा का लक्ष्मण ने काटा नाक, दर्शकों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन के तत्वावधान में चल रही चौदह दिवसीय श्री रामलीला में बीती रात शूर्पणखा नाक विछेदन व खर दुषण के वध का दृश्य मंचन किया गया। शूर्पणखा की नाक कटते ही श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। दर्शकों ने जय श्रीराम का जयघोषण कर पूरे वातावरण को राममय बना दिया। रामलीला के शुरु होते ही प्रथम दृश्य मंचन में दिखाया गया कि मर्यादा पुरुषौत्तम श्रीराम, लक्ष्मण व सीता माता वन भ्रमण करते हुए पंचवटी पहुंचते हैं। इस दौरान वह भगवान श्रीराम को उनके साथ शादी करने की बात करती हैं। जिस पर भगवान श्रीराम उन्हें मना कर देते हैं और उन्हें लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। वहां पर उन्हें जवाब मिल जाता है। इसके बाद सरुपनखा कभी राम तो कभी लक्ष्मण के पास जाकर अपना प्रस्ताव रखती हैं। मगर जब उन्हें हर बार जवाब मिलता है तो वह माता सीता पर हमला करने के लिए दौड़ती हैं। जिस पर भगवान श्री राम का संकेत पाते ही लक्ष्मण सरुपनखा की नाक को काट देते हैं। नाक कटने के बाद शूर्पणखाा कटा नाक लेकर अपने भाई खर व दूषण के पास जाती हैं। खर दूषण शूर्पणखा से पूछते हैं कि उसकी नाक किसने काटी। तब वह अपने भाई खर और दूषण को भगवान श्री राम के बारे में बताती हैं कि वन में दो तपस्वी आएं हैं।

श्रद्धालुओं ने की मां के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

मां बाला सुंदरी मंदिर में भक्तों ने लिया मेले का आनंद

मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर बड़ी संख्या में भक्तों ने चढ़ाया चुनरी और नारियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े मां के भक्त।

अश्विन माह में चल रहे शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। खास बात यह रही कि मां के मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मां के जयकारों का जयघोष होता रहा। वहीं, पांचवे नवरात्र पर मां बाला सुंदरी के मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। वीरवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के काली माता समेत जिले में स्थित मां के अन्य मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के पांचवे मनोहारी स्वरूप स्कंदमाता पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। त्रिलोकपुर में मां बाला सुंदरी के मंदिर में चल रहे चौदह दिवसीय मेले में वीरवार को श्रद्धालुओं ने जहां झूलों पर झूलकर आनंद लिया।

आत्म कल्याण की शक्ति करती है प्रदान

मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण दास ने बताया कि मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता हमारे जीवन की अति महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण कर हमें परम सुख व शांति की अनुभूति कराता है। मां के ज्योतिर्मयी स्वरूप का ध्यान जीवनी शक्ति का संवर्धन कराता है। यह माता अविवेक को दूर कर हमें प्रेम, स्नेह और वात्सल्य जैसी कोमल वृत्तियों की अनुभूति प्रदान करती है। हमारी भीतरी संवेदनाओं और आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होने की शक्ति प्रदान करती है। यह माता भगवान स्कंद की माता हैं। जो सिंह पर अर्धपद्यासन मुद्रा में विराजमान हैं।

खबर संक्षेप



5 सदस्य वाराणसी शिविर में लेंगे भाग

कुरुक्षेत्र। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के विभाग मेरा युवा भारत (माय भारत), कुरुक्षेत्र के पाँच सदस्य 15 से 21 अक्टूबर 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाले वंदेमातरम् शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

नवरात्रि की महिमा के गहरे सूत्र बताए

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धारा संघ हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर और समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के जोनल



कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धारा के अनुभवी आचार्य मां शशि खुल्लर जी ने बहुत ही प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से सभी साधकों को नवरात्रि की महिमा के गहरे सूत्र बताते हुए ऊर्जा ध्यान का प्रयोग करवाया। हिमाचल एवं देश की सभी जगहों से, मित्रों ने ध्यान एवं सत्संग का आनंद लिया।

मताधिकार लोकतंत्र की बुनियाद : मधुबाला

कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू), हरियाणा ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के अधिकारों को लेकर केंद्र सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के राज्य महासचिव एडवोकेट राजविंदर सिंह चंदी और जिला सचिव मधुबाला ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है।

सड़कों पर जलभराव, बच्चों और लोगों को निकलने में समस्या

बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी मंडियों में खुले में पड़ा धान भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में बुधवार सुबह हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई बारिश सुबह 10 बजे तक रुक-रुककर जारी रही। इसके चलते शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और अपने कार्यालयों के लिए निकले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, अनाज मंडियों में खुले में पड़ा धान भीगने से किसानों और राइस मिलर्स की चिंता बढ़ गई। सुबह के समय बारिश होने से सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई। कई स्थानों पर पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों को सावधानी से निकलना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों को बारिश और जलभराव के बीच अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हुई। कार्यालयों में काम करने वाले लोगों को भी समय पर पहुंचने के लिए परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश का असर धान की



कुरुक्षेत्र। सपड़ा कॉलोनी में जमा बारिश का पानी।

खरीद और उठान व्यवस्था पर भी पड़ने की आशंका है। अनाज मंडियों में खुले में रखी धान की ढेरियों के भीगने से किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ गई। पहले से ही धान के उठान में देरी की समस्या से जूझ रहे राइस मिलर्स के लिए बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। धान में नमी बढ़ने से उसकी गुणवत्ता और आगे की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका रहती है। बारिश के कारण मंडियों में कामकाज भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में किसानों को धान की सुरक्षा की चिंता सता रही है। वहीं, शहर में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बारिश के बाद सड़कों पर जमा पानी की निकासी समय पर होना जरूरी है, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न झेलनी पड़े।

₹30,000 प्रति एकड़ मुआवजे की मांग



कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बेमौसमी बारिश से धान की फसल को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से किसानों को 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा और जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने कहा कि किसान पहले ही सरकार की किसान विरोधी नीतियों और धान की खरीद में देरी से परेशान हैं। समय पर खरीद शुरू नहीं होने और उठान में लापरवाही के कारण मंडियां धान से भर गईं। मजबूरन किसानों को अपनी फसल सड़कों और खेतों में रखनी पड़ी। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश से मंडियों में रखा धान भीग गया, जबकि कुछ धान पानी के साथ नालियों में बह गया। खेतों में खड़ी फसल गिरने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। नमी का बहाना बनाकर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से 200 से 300 रुपये कम भुगतान रना उनके साथ अन्याय है। पोर्टल व्यवस्था भी किसानों के लिए परेशानी बनी हुई है। संगठन ने सरकार से धान की खरीद और उठान में तेजी लाने, पूरी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने, नमी के नाम पर कटौती बंद करने, प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, किसान-मजदूरों का कर्ज माफ करने और परेशानी का कारण बने पोर्टल सिस्टम को रद्द करने की मांग की।

पीएम का सपना किसान को हाथ में मिले उसकी पॉलिसी : राणा



कुरुक्षेत्र। किसानों को बीमा पॉलिसियां वितरित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसान को पारदर्शी तरीके से उसकी पॉलिसी उसके हाथ में मिले। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे भारत में एक महीने के लिए विशेष ड्राइव चलाई है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने वीरवार को शाहाबाद के एंबिएंस रिजॉर्ट में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ राज्य स्तरीय समारोह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत /"मेरी पॉलिसी मेरे हाथ/" अभियान की पॉलिसी अपने मुबारक हाथों से वितरित की। राज्य स्तरीय समारोह में एसडीओ जितेंद्र मेहता, एसडीओ शशिपाल शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी नीतू राय, एचडीएफसी एर्गो से डॉ. सचिन, भारतीय कृषि बीमा कंपनी से नीमा और गौरी शर्मा तथा इंडसइंड कंपनी से सूर्यांश सिंह, स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र शोरन सहित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनेक अधिकारी, संबंधित बीमा कंपनियों के पदाधिकारी और भारी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने सभी किसानों को /"ना पराली जलाएंगे, ना जलाने देंगे/" की शपथ भी दिलाई। उन्होंने खुशी जताई कि कुरुक्षेत्र जिले में अभी तक पराली जलाने की एक भी घटना सामने नहीं आई है, जो किसानों की जागरूकता को दर्शाता है।

गीता कन्या विद्यालय में मातृशक्ति नवरात्रि उत्सव की धूम

- बाल विवाह, दहेज प्रथा और गरीबी जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को मातृशक्ति नवरात्रि उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, मातृत्व और संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों, माताओं और आचार्याओं ने डांडिया नृत्य के



कुरुक्षेत्र। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करती प्राचार्य सुमन बाला।

माध्यम से उत्सव की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या सुमन बाला ने अतिथियों का परिचय करवाया। इस अवसर पर हिंदू शिक्षा समिति, हरियाणा प्रांत के उपाध्यक्ष चेत राम शर्मा मुख्य अतिथि, शिशु वाटिका संयोजक सोमदत्त शर्मा विशिष्ट अतिथि तथा विद्या भारती की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मातृ भारती प्रभारी अर्चना शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्ष रहीं। अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिशु वाटिका के विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व को दशार्ती लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसके माध्यम से बाल विवाह, दहेज प्रथा और गरीबी जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। मां दुर्गा के स्वरूप में सजी छोटी-छोटी कन्याओं का अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर पूजन किया और आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि चेत राम शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव सम्मानजनक स्थान दिया गया है। मातृशक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं का सम्मान करना हमारी परंपराओं का अभिन्न अंग है। उन्होंने नारी शक्ति, साहस और स्वाभिमान के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

श्रीराम के वनगमन और भरत मिलाप के प्रसंगों का किया भावपूर्ण मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गीता ज्ञान संस्थानम् में रामलीला का दूसरा दिन



गीता ज्ञान संस्थानम्, केडीबी रोड, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थानम् में श्रीमद् देवी भागवत कथा कर रहे श्री गुरुचरण दास जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. दीपक अग्रवाल एवं डॉ. दीप्ति अग्रवाल- अग्रवाल डेंटल क्लिनिक, धर्मवीर मिजार्पुर पूर्व चेयरमैन, पशुधन विभाग, धर्मवीर डागर चेयरमैन, शुगर मिल, प्रदीप सहगल चेयरमैन, श्री कृष्ण कृपा समिति, लाडवा, प्रवीण गर्ग प्रधान, श्री कृष्ण कृपा समिति, करनाल, मधु कपूर मैनचेस्टर, डॉ. चुघ सरस्वती मिशन हॉस्पिटल, जितेंद्र ढींगरा, ऋतु ढींगरा, गुरदयाल सुनेहड़ी पूर्व चेयरमैन, जिला परिषद, अनु मल्यान जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, कुरुक्षेत्र, रामपाल शर्मा, अशोक यादव, रणदीप रोड तथा नवोदित सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सांसद जिन्दल ने उठाई कुरुक्षेत्र में नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का क्षेत्रीय सेंटर खोलने की मांग

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र में 'नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' (राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय) का नया कैंपस या रीजनल (क्षेत्रीय) सेंटर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष रखा है। सांसद जिन्दल ने इस संबंध में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया को पत्र भेजकर मंजूरी देने और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का



आग्रह किया है। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि हरियाणा कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, शूटिंग और कबड्डी जैसे खेलों में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य में राष्ट्रीय स्तर के इस खेल संस्थान के आने से खिलाड़ियों, कोचों, खेल विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को आधुनिक सुविधाएं और बेहतरीन अवसर मिलेंगे। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और 'विकसित हरियाणा' के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र के मजबूत शैक्षणिक और संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर का हवाला देते हुए इसे सबसे उपयुक्त स्थान बताते हुए लिखा कि कुरुक्षेत्र में एनआईटी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और श्रीकृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पहले से मौजूद हैं। इनके सहयोग से स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट्स साइंस, फिजिकल एजुकेशन, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी और रिहैबिलिटेशन जैसे क्षेत्रों में रिसर्च आसान होगी। उन्होंने लिखा कि कुरुक्षेत्र रेल और सड़क मार्ग से पूरे उत्तर भारत से बेहतरीन तरीके से जुड़ा हुआ है, जिससे पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के खिलाड़ियों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा।

त्याग, समर्पण की मिसाल है श्रीराम का जीवनः कालड़ा

- श्रीसरस्वती राम नाटक क्लब की रामलीला में जीवंत हुए भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

श्री सरस्वती राम नाटक क्लब की ओर से रामलीला भवन में आयोजित रामलीला के मंचन में बीती रात अयोध्या नगरी और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। इस अवसर पर वर्ल्ड वाइड कंसल्टेंसी के प्रबंध निदेशक अजय कालड़ा और भारती कालड़ा ने मुख्य यजमान के रूप में भगवान श्रीगणेश की आरती एवं वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अजय कालड़ा ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम



का जीवन त्याग, समर्पण, संस्कारों, भाईचारे और सत्यनिष्ठा की अनुपम मिसाल है। प्रत्येक व्यक्ति को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सत्य, कर्तव्यनिष्ठा, प्रेम और समर्पण जैसे गुणों को अपनाना चाहिए। भगवान श्रीराम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मयार्दा बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्थाओं और महान आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री सरस्वती राम नाटक क्लब की ओर से अजय कालड़ा और भारती कालड़ा को भगवान श्रीराम का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि श्री सरस्वती राम नाटक क्लब पिछले 100 वर्षों से निरंतर रामलीला का मंचन करता आ रहा है। यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्लब के कलाकार पीढ़ी-दर-पीढ़ी विभिन्न पात्रों का अभिनय कर इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, नगरपालिका उपप्रधान के प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा ने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

डीएसबी स्कूल की पदक विजेता छात्रा जागृति का स्कूल में पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान डी.एस.बी.इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा जागृति ने 5वीं इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। चंडीगढ़ में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जागृति ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 51 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, मलेशिया, भूटान, श्रीलंका सहित कई अन्य देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए जागृति ने अपनी खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास, अनुशासन और अदम्य साहस का परिचय दिया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली ही प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करना छात्रा की कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का उल्लेखनीय परिणाम है। जागृति इससे पहले भी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की अनेक ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक और पुरस्कार जीत चुकी हैं।

भद्रकाली मंदिर में स्कंदमाता की पूजा भजनों में भक्ति के रंग में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदेवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में पंचमी नवरात्र के अवसर पर मां भद्रकाली के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों और भंडारों का आयोजन हुआ। शाम को आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धालु मां की भक्ति में झूमते नजर आए। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि स्कंदमाता मां दुर्गा का मातृत्व और ममता को दशार्ने वाला स्वरूप हैं। मंदिर में सुबह छह बजे मुख्य पुजारिन माता शिमला देवी के सान्निध्य में विपुल बंसल ने मंगला आरती की। इस दौरान मां को पांच प्रकार की मिठाइयों और पांच प्रकार के फलों का भोग लगाया गया। अगस्त्य गोयल परिवार और मनीष सिंघला की ओर से नवरात्र व्रत भंडारे तथा संजीव सुपुत्र बीर सिंह और संजय बंसल की ओर से



कुरुक्षेत्र। श्रीनवदुर्गा शक्ति हवन में आहुतियां डालते यजमान।

अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम तीन बजे सरस्वती जागरण एंड पार्टी, पिपली की ओर से भजन संध्या आयोजित की गई। भजन मंडली ने 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है', 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' और 'भोर भई दिन चढ़ गया, मेरी अम्बे' जैसे भजनों से मां की महिमा का गुणगान किया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। श्रद्धालुओं की मांग पर कन्याओं की महिमा से जुड़े गीतों के साथ देशभक्ति के गीत भी प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम में भक्ति और देशप्रेम का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रवेश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | कला कीर्ति भवन में मंचन देखकर दर्शकों की आंखें हुई नम

बिखरते पारिवारिक रिश्तों की कड़वी हकीकत को लोगों के सामने रखा

टूटते पारिवारिक मूल्यों पर सीधा प्रहार कर गया नाटक 'कहां गए वो रिश्ते'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक संध्या की श्रृंखला के तहत कला कीर्ति भवन के मंच पर एक बेहद मार्मिक और संदेशात्मक नाटक ह्यकहां गए वो रिश्तेह्न का सफल मंचन किया गया। कला सृष्टि मंच, कुरुक्षेत्र के कलाकारों द्वारा अभिनीत इस नाटक का कुशल निर्देशन बृज किशोर शर्मा द्वारा किया गया। नाटक ने आधुनिक समाज में विलुप्त हो रही संवेदनाओं और बिखरते पारिवारिक रिश्तों की कड़वी हकीकत को बेहद संजीदगी के साथ दर्शकों के सामने रखा, जिसने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति करतार धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में



कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, डॉ. रामेंद्र सिंह, उमा सुधा और डॉ. जयभगवान सिंगला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने सभी आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हुआ पौधा भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मंच का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया।

समाज को दिखाया आईना

नाटक कहां गए वो रिश्ते की कहानी एक बुजुर्ग दंपति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके दो बेटे और एक बेटी हैं। सभी शादीशुदा होने के कारण अपने माता-पिता से अलग रहते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब अचानक मां की तबीयत बिगड़ जाती है और सभी बच्चों को घर बुलाया जाता है। अपनी व्यस्त जीवनशैली और स्वार्थ के कारण कोई भी बच्चा मां की देखभाल करने के लिए तैयार नहीं होता। हालात बिगड़ने पर मां को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, जहां वह दम तोड़ देती हैं। मां की मृत्यु के बाद भी बच्चों की संवेदनहीनता खत्म नहीं होती और वे चौथे के दिन ही सारी रस्में जल्दबाजी में पूरी करने की बात करते हैं। मां को खोने का अफसोस जताने के बजाय, दोनों बेटे और बहुएं आपस में अंतिम संस्कार के खर्चे को लेकर झगड़ने लगते हैं। नाटक के बेहद भावुक अंत में, लाचार दिखने वाला पिता अपनी बेबसी को छोड़ बच्चों को समझाते हुए कहते है कि वो इतना लाचार और बेबस नहीं है जो बच्चों के भरोसे रहूंगा। जब एक अकेला पिता अपने सब बच्चों को पाल सकता है, तो वह बुढ़ापे में खुद को भी पाल सकता है।भावुकता से भरे नाटक ने समाज को एक बड़ा संदेश देते हुए लोगों को आत्मचिंतन करने पर मजबूर कर दिया। नाटक में बृजकिशोर शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, नीरज आश्री, आशी, दीपक कौशिक, मानवी सेतिया, शिवकुमार किरमच, रेनू खुग्गर, सरिता दहिया, दीपक शर्मा, दमन, सुरेखा आदि ने भूमिका निभाई। संगीत अमरजीत का रहा तथा प्रकाश व्यवस्था आकाशदीप ने सम्भाली। नाटक के अंत में मुख्य अतिथि कुलपति करतार धीमान, उपाध्यक्ष महेश जोशी और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा निर्देशक बृज किशोर शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक रंगकर्मी, साहित्यकार और भारी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

अनिल विज ने दिए एक्सईएन के तबादले के आदेश

जग्गी सिटी सेंटर के मामले में बिजली निगम की लापरवाही पर मंत्री सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

9 लाख की साइबर ठगी और 3.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामलों पर होगी जांच
विकास कार्यों में देरी पर ठेकेदार को नोटिस और ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में जनसुनवाई के दौरान बिजली विभाग की एक शिकायत पर अंबाला शहर के एक्सईएन हरीश गोयल के स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। इसी मामले में इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विज आज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। अंबाला छावनी के व्यक्ति ने एक शिकायत दी कि अंबाला शहर में बिजली विभाग में एक्सईएन हरीश गोयल ने जग्गी सिटी सेंटर के लोगों को एक एलटी कनेक्शन दिया गया है जबकि उस बिजली के कनेक्शन से वहां पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी बिजली की सप्लाई दी जा रही है। उसका आरोप है कि वहां पर एक क्योसक बना है व झूले लगे हुए थे। उन झूलों को चलाने के लिए भी कनेक्शन दिया गया था जोकि अवैध है। विज ने बिजली निगम अधिकारियों से मामले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। मगर अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए जिस पर मौजूद बिजली निगम के एसई व अन्य अधिकारियों को फटकार लगाई तथा एक्सईएन हरीश गोयल को स्थानांतरित करने के आदेश दिए। एक अन्य मामले में ब्राइड पब्लिक स्कूल के खिलाफ महिला ने शिकायत दी। कहा कि स्कूल आठवीं कक्षा मान्यता प्राप्त होने के बावजूद बच्चों को दसवीं कक्षा में दाखिल करके पैसे ऐंठे जा रहे हैं जिससे बच्चों के दो साल खराब हो रहे हैं। विज एसडीएम को संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को साथ ले जाकर जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि कमी पाई जाती है तो इस बारे में सख्त कार्यवाही की जाए। अंबाला शहर एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसके साथ 9 लाख रूपए की साइबर धोखाधड़ी की गई है जिस पर एसपी को जांच करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य मामले में मिलाप नगर के एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि इंटरनेट पर एक नंबर खोजने के दौरान उसकी जिस व्यक्ति से बातचीत हुई उसने उसके मोबाइल पर एक लिंक खोलने की बात की और उसके बाद उसके बैंक खाते से तीन लाख 40 से अधिक राशि को गायब हो गई। मंत्री ने शिकायत पर पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बोह गांव की महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का शव कुछ समय पहले झाड़ियों में मिला था।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

विज ने अधिकारियों को लगाई फटकार, दिए निर्देश

पुलिस ने इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। उसका आरोप था कि उसके पति की हत्या की गई है। मामले की दोबारा जांच के आदेश दिए गए हैं। इस दौरान मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि वार्ड नंबर 27 में विकास कार्य न होने के बारे संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए। यदि इस विकास कार्य को संबंधित ठेकेदार नहीं करता है तो रि-टेंडर किया जाए। नगर परिषद के एक्सईन को फटकार लगाते हुए विज ने कहा कि ठेका देने से पहले ठेकेदारों की वित्तीय स्थिति की जांच करें क्योंकि आमतौर कम वित्तीय स्थिति वाले ठेकेदारों को ठेका मिल जाता है। एक पार्किंग में लिफ्ट को स्थापित करने के बारे में उन्होंने संज्ञान लेते हुए संबंधित नगर परिषद के अधिकारियों से जानकारी ली तो इस मामले में हो देरी लिए एक संबंधित एक्सईन को उन्होंने फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली जनसुनवाई तक इस बारे में उन्हें एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के वार्डों में एक-एक करोड़ रुपए की विकास राशि उनके द्वारा सरकार से स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही महेश नगर ड्रेन को पक्का करने के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है।

जनसुनवाई में उठे बिजली और कब्जे के मामले

एक व्यक्ति ने साहा में इंडस्ट्रियल एरिया में पॉवर हाउस लगाने के लिए उसकी जमीन पर टावर को न लगाने की बात कही गई, जिस पर संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को मौका देखकर वैकल्पिक जगह चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, बिजली विभाग से संबंधित लोड बढाने की शिकायत, रामपुर, सरसेहड़ी, चंद्रपुरी व सुंदरनगर में 24 घंटे बिजली देने के लिए संबंधित बिजली अधिकारियों को निर्देश और करनाल से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक अधीक्षक की पदोन्नति के संबंध में एक मामले उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने सोनीपत के एसई को एक प्राईवेट प्रॉपर्टी को छोडने, हिसार में ट्यूबवेल कनेक्शन देने, बिजली का लोड की चैकिंग कराने के अलावा अन्य बिजली की शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार हरिनगर में मकान पर कब्जा करने, मकान का टैक्स भरने, ट्रांसफार्मर सही जगह पर लगवाने इत्यादि के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। आर्य नगर में बिना अनुमति के निर्माण कार्य को रोकने के बारे में शिकायत पर मंत्री विज ने नगर परिषद अधिकारियों को फटकार लगाई। इस बारे में पुलिस को साथ लेकर कार्रवाई करने की बात कही गई है। मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता किरणपाल चौहान, जसबीर सिंह जस्सी, मदनलाल, अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा भी मौजूद थे।

युवती समेत तीन पर केस दर्ज

शादी का लालच देकर विदेश भेजने के नाम पर 32 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शादी की आड़ में विदेश भेजने का झांसा देकर 32 लाख रुपये की ठगी की गई है। जटवाड़ गांव के एक युवक के साथ उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष द्वारा साजिश के तहत धोखा करने का आरोप है। थाना पंजोखरा पुलिस मामले में केस दर्ज किया है। जटवाड़ गांव के राहुल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी पायल शर्मा से हुई थी। शादी के बाद उसे कनाडा भेजने का लालच दिया गया। आरोपियों ने इस बहाने से उससे और उसके परिवार से पैसे ऐंठे। यह विवाह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा था। आरोपी पक्ष में पायल शर्मा, उसके पिता रामफल और माता किरण शामिल हैं। ये सभी करनाल के नडाना गांव के रहने वाले हैं। उनका गुप्त प्लान था कि शादी के जरिये राहुल और उसके परिवार के पैसे खर्च करवाए जाए। इन पैसों का उपयोग अपनी बेटी को कनाडा भेजने के लिए करना था। इस सुनियोजित षड्यंत्र के तहत आरोपियों ने अलग-अलग माध्यमों से 32 लाख रुपये की ठगी की।

समझौते से मुकरने पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

राहुल ने बताया कि उसे कनाडा भेजने का झांसा देकर पैसे ऐंठे गए। डीएसपी अंबाला छावनी की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना पंजोखरा में मुख्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। राहुल शर्मा ने पहले भी पटवी पुलिस को शिकायत दी थी। आरोप है कि इसके बाद सामाजिक दबाव और झूठे मुकदमों के डर से समझौते कराए गए। 27 अगस्त को एक लिखित समझौते में तलाक और 12 लाख रुपये लौटाने का फैसला हुआ था। पायल के पिता रामफल को 15 सितंबर से पहले मुख्तारनामा भी देना था। लेकिन आरोपियों ने तय समय-सीमा के बाद समझौते से मुकर गए और उल्टा करनाल में झूठी शिकायतें दर्ज कराईं। जांच के दौरान व्हाट्सएप चैट के दस्तावेजों, गवाहों के बयान और पेश किए गए सबूतों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि आरोपी पक्ष ने मिलीभगत कर युवक के साथ धोखाधड़ी की है। जांच अधिकारी एएसआई नैब सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

नगराधीश ने सुनी लोगों की समस्याएं

अंबाला। नगराधीश अभिषेक कहा कि समाधान शिविर सरकार द्वारा शुरू की गई एक सार्थक पहल है जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। नगराधीश अभिषेक गर्ग वीरवार को समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान नगराधीश ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

हेरोइन तस्करी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना शहजादपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 18 ग्राम हेरोइन नशा तस्करी मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को काबू किया। पुलिस ने सूचना के आधार पर बीते दिनों थाना क्षेत्र गांव मघरपुरा कलाल माजरा से आरोपी साहिल गौंदी को 18 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि आरोपी सूरज भी इस मामले में शामिल है। आरोपी सूरज को भी पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी जोन की भी संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी जोन को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जमीन को लेकर ठगी में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। अंबाला शहर के थाना सैक्टर 9 पुलिस ने जमीन खरीद फरोख्त मामले में 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रूपये की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सैक्टर 7 के गौरव ने 6 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 11 नवंबर 2025 से 9 सितंबर 2026 के बीच आरोपी मनमोहन सिंह व अन्य भू माफियों ने षड्यंत्र के तहत जमीन खरीद फरोख्त मामले में अपने जाल में फंसाया और धोखाधड़ी करके उससे 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार की रकम हड़प ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

मुलाना थाना प्रभारी बने प्रमोद राणा, सुरेंद्र सीआईए इंचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



पुलिस व्यवस्था को लेकर पंद्रह दिन के ही अंदर दूसरा बदलाव हुआ है। दो सप्ताह पहले मुलाना थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह को सीआईए का इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जबकि प्रमोद राणा को मुलाना का फिर से नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस प्रशासन को चाक चौबद करने के उद्देश्य से मुलाना में सीआईए का गठन किया गया है। सीआईए की शुरुआत होने से अब क्षेत्र में थाना पुलिस के साथ-साथ सीआईए भी अपराध पर अंकुश लगाने और आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कसने में भूमिका निभाएगी। इससे क्षेत्र में अपराध से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने और आपराधिक मामलों की जांच में पुलिस को अतिरिक्त सहयोग मिलने की उम्मीद है। हालांकि, फिलहाल सीआईए परिसर में आवश्यक सैटअप तैयार होना बाकी है। इसके बाद सीआईए की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद है। अब थाना प्रभारी के रूप में प्रमोद राणा क्षेत्र की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि सुरेन्द्र सिंह सीआईए मुलाना की कमान संभालेंगे। गौतलब है कि सुरेंद्र सिंह पहले भी कई स्टेशनों पर सीआईए इंचार्ज रह चुके है।



व्याख्यान में छात्रों को वंदे मातरम प्रोटोकॉल से अवगत करवाया गया

अंबाला। अंबाला छावनी के आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की तरफ से वंदे मातरम के प्रोटोकॉल को लेकर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू जगपाल ने बताया कि इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रविंदर कुमार थे। डॉ. रविंदर कुमार ने वंदे मातरम के सही बोल और प्रोटोकॉल के साथ-साथ उसकी ऐतिहासिकता के बारे में बहुत ही प्रासंगिक जानकार दी। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग के संकाय सदस्यों के साथ-साथ डॉ. नायब सिंह, डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. रजनी, डॉ. ममता, डॉ. रणदीप व इंद्रेश भी उपस्थित रहे।

फसल सत्यापन का कार्य सप्ताह के अंत तक पूरा करें अधिकारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल, 15 अक्तूबर। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण एवं सत्यापन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन का शेष कार्य सप्ताह के अंत तक पूरा किया जाए, ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचने में परेशानी न हो। डीसी ने तहसीलदारों को सत्यापन में आ रही समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीमें खेतों में जाकर पंजीकृत फसल के शेष रकबे का भौतिक एवं डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित करें। पंजीकरण में विसंगति मिलने पर उसे तुरंत दुरुस्त करवाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन में देरी से किसानों को मंडियों में फसल बेचने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी पोर्टल पर सही विवरण दर्ज कराने और पटवारी या कृषि अधिकारी से सत्यापन की स्थिति की पुष्टि करने की अपील की, ताकि न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, एसडीएम देवेंद्र शर्मा, अनुभव मेहता, सुमित सिहाग, अशोक कुमार और रमन गुप्ता सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

बीएसएफ जवान की पत्नी से प्लॉट खरीद के नाम पर 12.10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बीएसएफ जवान की पत्नी से प्लॉट बेचने के नाम पर 12.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। महिला का पति शिव चरण बीएसएफ में तैनात है। अभी पश्चिम बंगाल में ड्यूटी कर रहा है। शिकायत के अनुसार महिला और उसके पति ने साल 2023 में गांव डेरा कलां में एक प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि विक्रेताओं ने प्लॉट के बैनामे के बाद उन्हें कब्जा भी दिलाया लेकिन बाद में उसी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को भी बेच दिया। जब महिला अपने प्लॉट पर पहुंची तो वहां दूसरे लोग मिले। उन्होंने जमीन खरीदने और कब्जा मिलने का दावा किया। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वर्ष 2023 में उसे और उसके पति को एक प्लॉट बेचने की पेशकश की गई थी। प्लॉट गांव डेरा कलां में खसरा नंबर 52//17 में स्थित बताया गया। सौदा तय होने के बाद 8 मई 2023 को प्लॉट के संबंध में बैनामा कराया गया। महिला के अनुसार, इसके बाद से वह खुद को प्लॉट की मालिक समझती थी और समय-समय पर वहां आती-जाती रहती थी। महिला ने शिकायत में बताया कि पिछले सप्ताह जब वह अपने प्लॉट पर पहुंची तो वहां कुछ अजनबी लोग बैठे हुए थे। उसने उनसे पूछा कि वे प्लॉट पर क्या कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन्होंने भी यह प्लॉट खरीदा है। उन्हें कब्जा मिल चुका है।

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव आज से

चंडीगढ़। श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव को लेकर शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल है। इस भव्य आयोजन के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रसिद्ध गायक बी प्राक, मुनीश बजाज और पंडित अनुज शास्त्री ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। आयोजकों के अनुसार, इस धार्मिक उत्सव में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और भजन संध्या के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रसिद्ध गायक बी प्राक ने बताया कि इस श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के भाव के साथ किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से मुनीश बजाज जी का नाम लेते हुए कहा कि इस आयोजन में सबसे अधिक योगदान उनका है। बी प्राक ने मुनीश बजाज जी के प्रयासों, समर्पण और इस भव्य धार्मिक आयोजन को



साकार करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इस धार्मिक उत्सव में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज, जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज तथा प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के शामिल होने की जानकारी भी दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंडित अनुज शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि कथा व्यास श्री इंद्रेश जी उपाध्याय भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े आध्यात्मिक प्रसंगों का वर्णन करेंगे।



पंजाबी व हिंदी मनोरंजन को मिलेगा नया प्लेटफॉर्म

चंडीगढ़। लायंसगेट प्ले के संस्थापक रोहित जैन ने चंडीगढ़ में टाइगर टीवी लॉन्च किया। यह पंजाबी और हिंदी मनोरंजन के लिए एक प्रीमियम प्लेटफॉर्म है, जो 15 अक्टूबर 2026 से भारत सहित दुनिया के 12 बाजारों में उपलब्ध होगा। लॉन्च कार्यक्रम में गिप्पी ग्रेवाल, अंगद बेदी, प्रिंस कंवलजीत सिंह सहित मनोरंजन जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। टाइगर टीवी का उद्देश्य भारत और विदेशों में रहने वाले पंजाबी एवं हिंदी भाषी दर्शकों को उनकी भाषा, संस्कृति और पसंद से जुड़ा खास मनोरंजन उपलब्ध कराना है। कंपनी की योजना अगले तीन वर्षों में 500 करोड़ रुपये से अधिक का कंटेंट आईपी पोर्टफोलियो तैयार करने और पहले वर्ष में 50 से अधिक टाइटल्स के प्रीमियर की है। रोहित जैन, संस्थापक एवं सीईओ, लायंसगेट प्ले ने कहा, "जब हमने लायंसगेट प्ले की शुरुआत की थी, तब भारत में हॉलीवुड मनोरंजन के लिए कोई समर्पित प्लेटफॉर्म नहीं था। हमने इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। टाइगर टीवी के जरिए हम इसी रणनीति को क्षेत्रीय मनोरंजन के लिए अपना रहे हैं। हर भाषा महत्वपूर्ण है और उसके दर्शकों को एक अलग, समर्पित प्लेटफॉर्म मिलना चाहिए, न कि केवल भाषा का एक सेक्शन या डब की गई फिल्मों की सूची। पंजाबी कंटेंट से हमारी शुरुआत हो रही है और भविष्य में इस मॉडल को भारत की अन्य भाषाओं तक भी ले जाने की योजना है।

डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अंबाला। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य मिशन मोड में जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने वीरवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

इससे पहले हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उपायुक्त ने एसआईआर संबंधित मामलों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक मामलों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

ऋषि बोध उत्सव में वैदिक मूल्यों का दिया संदेश, प्रतियोगिता में 30 विद्यालयों ने लिया भाग

आर्य समाज प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के विजेता घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में आनंद पर्व के अंतर्गत ऋषि बोध उत्सव के अवसर पर आर्य समाज के नियमों के उच्चारण एवं व्याख्या प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 15 कनिष्ठ और 15 वरिष्ठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आर्य समाज के नियमों के शुद्ध उच्चारण, उनकी सारगर्भित व्याख्या और मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने को लेकर प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्य समाज के अध्यक्ष जेएस नैन ने दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंगलाचरण के साथ किया। विद्यालय प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नैन ने विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन, त्याग, समर्पण और राष्ट्र के उत्थान के लिए किए गए कार्यों से परिचित करवाया।



आर्य समाज नियमों के उच्चारण में दिखा उत्साह

नैन ने विद्यार्थियों से वैदिक विचारों को जीवन में अपनाने और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। । निर्णायक मंडल में आर्य समाज के मंत्री आरएन मित्तल और नारायणगढ़ के चंद्रपाल शास्त्री शामिल रहे। उन्होंने उच्चारण की शुद्धता, नियमों की व्याख्या, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।कनिष्ठ वर्ग में डीएवी नारायणगढ़ की पलक ने प्रथम, पुलिस डीएवी अंबाला सिटी के सार्थक भाटिया ने द्वितीय और डीएवी बराड़ा के अर्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुरलीधर डीएवी की कृति और मॉडल टाउन डीएवी की दृष्टि को सांत्वना पुरस्कार मिला। वरिष्ठ वर्ग में पुलिस डीएवी अंबाला शहर की समृद्धि आहुजा ने प्रथम, मेजर आर्यन डीएवी अंबाला कैंट की अंशिका शर्मा ने द्वितीय और सोहन लाल डीएवी गर्ल्स बी. स्कूल की प्राची ने तृतीय स्थान हासिल किया। केपीएके अंबाला सिटी की कृति को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।